सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 134 | इंदौर, शुक्रवार 29 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Sambhal News: जुमे की नमाज और मस्जिद को हरिहर मंदिर बताने वाले दावे पर सुनवाई आज, पुलिस का पहरा सख्त
2. Delhi Assembly Session: दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से, भाजपा ने की घेरने की तैयारी; हंगामे के आसार
3. Bihar Vidhan Sabha : शीतकालीन सत्र का अंतिम दिन, इन मुद्दों में नीतीश सरकार को फिर घेरेंगे महागठबंधन के विधायक
4. Share Market Opening Bell: शेयर बाजार में तेजी; शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स ने लगाई छलांग, निफ्टी भी उछला
5. CT 2025: बैठक में बोर्ड सदस्यों के सामने ये दो प्रस्ताव रख सकता है ICC, एक में फाइनल की संभावना पाकिस्तान में
6. Maharashtra CM News: महाराष्ट्र का CM कौन? अब मुंबई में अहम बैठक, शिंदे बोले- एक या दो दिन में फैसला संभव

# भोपाल में एक्सरे-मशीन का निर्माण एसीईडीएस लगाएगी औद्योगिक इकाई

### सीएम ने आवंटित की 6.72 एकड़ भूमि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जर्मनी की यात्रा पर है। गुरूवार को डॉ. यादव ने निवेशकों से मिलने के बाद एसीईडीएस को भोपाल में भूमि आवंटित की। भोपाल के अचारपुरा में जर्मन कंपनी एसीईडीएस लिमिटेड को 27,200 वर्गमीटर (6.72 एकड़) जमीन आवंटित की गई है। इस समझौते के तहत कंपनी ने भोपाल में अपनी औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रूपये से ज्यादा का प्रस्ताव दिया है। इस कम्पनी की स्थापना से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। इस उद्योग की स्थापना से एक्स-रे मशीन निर्माण एवं अन्य उपकरण, सौर ऊर्जा पॉवर प्लांट सहित नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में निवेश लाने को लेकर 24 नवंबर से 30 नवंबर तक यूके और जर्मनी की यात्रा पर है। यह मुख्यमंत्री की पहली विदेश यात्रा है। यह दौरा प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने और प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाईयां देने के लिए किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यूके में उद्योगपतियों से चर्चा की। वहां से प्रदेश में करीब 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इसके बाद मुख्यमंत्री जर्मनी पहुंचे है। जहां पर प्रदेश में निवेश को लेकर उद्योगपतियों से चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में जर्मन कंपनी एसीईडीएस को भूमि आवंटन मात्र एक शुरुआत है। यह साझेदारी न केवल औद्योगिक विकास की नई लहर लाएगी, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का हिस्सा बनेगी।

### सीएम डॉ. यादव बोले-

# नए थर्मल पॉवर स्टेशन की स्थापना से प्रदेश में औद्योगिक विकास को मिलेगा सुपर पॉवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए नए थर्मल पॉवर स्टेशन की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोल आधारित विद्युत उत्पादन के लिए कोल आवंटन के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इससे 4100 मेगावॉट विद्युत उत्पादन के लिए थर्मल पॉवर स्टेशन की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सभी विभागों को प्रगति के अवसर दिये हैं। वे जानते हैं कि बिजली के बिनाविकास की कल्पना संभव नहीं है। यह एक बड़ा अवसर है, जिससे हम प्रदेश में ही स्वयं के पॉवर प्लांट लगा सकते हैं।



### कोल आवंटन करेगा संजीवनी का काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में हम आज भी सरप्लस की स्थिति में हैं, परंतु औद्योगिक विकास के लिए नए उद्योगों की स्थापना के परिणामस्वरूप बिजली की खपत में भी निरंतर वृद्धि होती जा रही है। भविष्य की दृष्टि से भी हमें नए थर्मल पॉवर स्टेशन की आवश्यकता होगी। यह कोल आवंटन उसमें संजीवनी की तरह काम करेगा। हम थर्मल पॉवर के नए स्टेशन की स्थापना के लिए उद्यमियों को प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि साथ ही राज्य नवकरणीय ऊर्जा की ओर भी समान रूप से आगे बढ़ रहा है।

### 25 हजार करोड़ रूपये का प्राप्त होगा निवेश

बता दें कि मध्यप्रदेश की आगामी लंबी अवधि की विद्युत मांग के आंकलन के आधार पर 27 नवम्बर को भारत सरकार की उच्च स्तरीय अंतर्विभागीय समिति द्वारा प्रदेश के ऊर्जा विभाग के प्रस्तुतिकरण के आधार पर कुल 4100 मेगावॉट के नए थर्मल पॉवर प्लांट लगाने के लिये कोयला आवंटन स्वीकृत किया गया है। इस संबंध में संयंत्र लगाने के लिये प्रदेश के ऊर्जा विभाग द्वारा निविदा जारी की जायेगी। इससे लगभग 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा। साथ ही हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्रदेश उद्योग, घरेलू एवं कृषि सिंचाई के लिये सस्ती और गुणवत्तापूर्ण ऊर्जा प्रदाय करेगा और ऊर्जा उत्पादन में आत्म-निर्भर बना रहेगा।

बिना वीजा के जा सकेंगे थाईलैंड

# इंदौर से सीधे कनाडा और यूएस जा सकेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से बैंकॉक के लिए सीधी इंटरनेशनल फ्लाइट नए साल में शुरू होने जा रही है। इसका संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस करेगी। इंदौर-बैंकॉक फ्लाइट शुरू होने से इंदौर से कनाडा और यूएस जाने वाले पैसेंजर्स की राह भी आसान होगी। एयरलाइंस कंपनी फ्लाइट को कनाडा और यूएस की एयरलाइंस से कनेक्ट करेगी।**

इंदौर एयरपोर्ट सूत्रों की मानें तो फ्लाइट मार्च 2025 से पहले शुरू कर दी जाएगी। कंपनी को थाईलैंड से परमिशन भी मिल गई है। कंपनी इंदौर-बैंकॉक फ्लाइट को सूरत-बैंकॉक के लिए फ्लाइट के बाद शुरू करेगी। बता दें, थाईलैंड में ऑन अराइवल वीजा फ्री है।




ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ चैप्टर के पूर्व चेयरमैन टीके जोश के मुताबिक, 'एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारी इंदौर आए थे। उन्होंने हमें बताया कि एयरलाइन की कोशिश है कि 2025 की शुरुआत में इंदौर-बैंकॉक फ्लाइट शुरू हो जाए। एयरलाइन इंदौर से सिंगापुर के लिए भी सीधी फ्लाइट शुरू करने की योजना बना रही है।'

उन्होंने बताया, 'एयरलाइन ने इंदौर-बैंकॉक फ्लाइट के लिए सर्वे भी किया है। इसमें यह बात सामने आई है कि इस फ्लाइट के शुरू होने के बाद ऑक्यूपेंसी को लेकर समस्या नहीं आएगी।'

ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ चैप्टर के चेयरमैन हेमेंद्र सिंह जादौन ने कहा- हम 2025 में इंदौर को बैंकॉक से जोड़ने जा रहे हैं। बैंकॉक फ्लाइट के साथ ही इंदौर को एक और इंटरनेशनल फ्लाइट मिलने की संभावना है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 1 दिसंबर को डीएवीवी के प्रोग्राम में होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 1 दिसंबर को इंदौर आएंगे। वे यहां होने वाले NACO (राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन) के प्रोग्राम में शिरकत करेंगे। प्रोग्राम देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के खंडवा रोड स्थित ऑडिटोरियम में होगा। नड्डा के इंदौर प्रवास को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि NACO (राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन) का प्रोग्राम 1 दिसंबर को इंदौर के डीएवीवी ऑडिटोरियम में आयोजित हो रहा है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। उनके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव व कई जनप्रतिनिधि भी इसमें शिरकत करेंगे। इसे लेकर तैयारियां की जा रही है। इधर, यूनिवर्सिटी के मीडिया प्रभारी डॉ.चंदन गुप्ता ने बताया कि NACO द्वारा ऑडिटोरियम में प्रोग्राम किया जा रहा है। यह यूनिवर्सिटी का प्रोग्राम नहीं है। जेपी नड्डा आ रहे हैं, इसलिए लोकल एडमिनिस्ट्रेशन इसकी व्यवस्था देख रहा है।



# कल इंदौर में पं. धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री 'रग-रग हिंदू मेरा परिचय' विषय पर भाषण देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को इंदौर आएंगे। वे यहां एक लाख से ज्यादा लोगों को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे 'रग-रग हिंदू मेरा परिचय' विषय पर भाषण देंगे।**

दरअसल, इंदौर के लालबाग परिसर में आज से 2 दिसंबर तक आध्यात्मिक सेवा मेला आयोजित किया जा रहा है, जो नारी शक्ति को समर्पित रहेगा। हिंदुओं को जोड़ने के उद्देश्य से पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 160 किलोमीटर लंबी 'सनातन हिंदू एकता' पदयात्रा निकाल रहे हैं। यह पदयात्रा 21 नवंबर को बागेश्वर धाम से शुरू हुई थी और 29 नवंबर को ओरछा धाम में समाप्त होगी। पदयात्रा में साधु-संतों के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। हर गांव में यात्रा के दौरान स्थानीय लोग भी इसमें जुड़ जाते हैं। लालबाग परिसर के मेले में देवी अहिल्या बाई होल्कर पर आधारित 'स्त्री से अहिल्याबाई होल्कर' नृत्य नाटिका का आयोजन होगा। निमाड़ी समाज की युवतियां अपनी विशेष प्रस्तुति देंगी। आयोजनों में मातृ-पितृ वंदन, कन्या पूजन, गुरु वंदन सहित अन्य नृत्य नाटिकाएं भी शामिल हैं। पांच दिवसीय सेवा मेला आम नागरिकों के लिए सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहेगा।




वहीं, प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। पूरे परिसर को 'नारी शक्ति' थीम पर सजाया जा रहा है। लालबाग परिसर के मुख्य द्वार पर भारत माता, लोकमाता देवी अहिल्याबाई, महारानी लक्ष्मीबाई और मीरा बाई के चित्रों को भी दर्शाया गया है। हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान इंदौर के चेयरमैन विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा और सचिव विनोद बिड़ला ने बताया कि आज शाम दशहरा मैदान से आराधना यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए लालबाग पैलेस पहुंचेगी। उद्घाटन समारोह में संत त्रिदंडी श्रीमननारायण रामानुज और गुणवंत सिंह कोठारी मौजूद रहेंगे।

राज्यपाल ने इन्दौर में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के साथ ईएजी प्लेनरी देशों की बैठक का किया शुभारम्भ

# मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद की फंडिंग रोकने में ईएजी ग्रुप की बैठक सिद्ध होंगी मील का पत्थर : राज्यपाल श्री पटेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ईएजी (यूरेशियन ग्रुप) देशों की बैठक मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद की फंडिंग रोकने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। सभी बड़े देशों को एकजुट होकर मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए एकजुट होकर बड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। विश्व में आतंकवाद पर नियंत्रण के लिए सभी ईएजी ग्रुप सदस्यों देशों का एकजुट होना बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इन्दौर में गुरूवार को 41वीं ईएजी प्लेनरी देशों की बैठक के उद्घाटन सत्र में माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कही।**





राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भारत में डिमॉनिटाइजेशन, डिजिटलाइजेशन से पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था के लिए विशेष प्रयास हुए। उन्होंने कहा आधुनिक तकनीक के उपयोग से अवैध वित्तीय गतिविधियों को रोकने के लिए और अधिक विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए ईएजी ग्रुप देश को मजबूत कूटनीतिक और सशक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति के लिए ईएजी ग्रुप देशों के प्रयास प्रभावी परिणामकारक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा वित्त शोधन और आतंकवाद को वित्त पोषण की रोकथाम के लिए यूरेशियन देशो का ग्रुप महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा भारत सरकार टेरर फंडिंग के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ कार्य कर रही है। भारत में काला धन अधिनियम, आर्थिक अपराध को रोकने के लिए विशेष प्रयास किए गए है और यह लगातार जारी हैं। भारत में साफ और पारदर्शी वित्तीय प्रणाली के लिए जीएसटी, डिजिटल इंडिया के तहत विशेष प्रयास किए गए हैं। यूपीआई डिजिटल लेनदेन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा हैं। भारत में परिवर्तन निदेशालय लगातार सशक्त हो रहा है। भारत की सभी एजेंसियां द्वारा मिलकर आतंकवाद और उग्रवाद को धन पोषित करने वालों, मनी लांड्रिंग पर प्रभावी और कड़ी कार्रवाई हो रही हैं। भारत के इन प्रयासों को और सशक्त बनने में ईएजी ग्रुप की बैठक महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की नगरी में ईएजी ग्रुप की बैठक गर्व का विषय हैं। भारत के इन प्रयासों को और सशक्त बनने में ईएजी ग्रुप की बैठक महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। उन्होंने कहा मनी लॉन्ड्रिंग सीधे तौर पर किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है, लेकिन जब यह आतंकवाद को पोषित करती है, तब विश्व शांति और सद्भाव के समक्ष गंभीर चुनौतियों को जन्म देती है। आतंकवाद को मिलने वाली वित्तीय मदद समस्त विश्व के लिए चिंता का सबब बनी हुई है इससे निपटने के लिए विश्व के बड़े देशों को एकजुट होना होगा। यह आयोजन वैश्विक अखंडता और मानवता के हित की दिशा में बड़ा कदम है।

सीएम मॉनिट के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

## लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के दिए गए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री रोशन राय द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय में सीएम मॉनिट के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे। सीएम मॉनिट से संबंधित विभिन्न विभागों के पूर्व में लंबित 193 शिकायतों में से 133 प्रतिवेदन प्राप्त हुए। शेष विभागों को लंबित शिकायतों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## 68वीं राष्ट्रीय शालेय कराते एवं शूटिंग प्रतियोगिता की तैयारियों के संबंध में बैठक 29 नवम्बर को

**इंदौर।** 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कराते एवं शूटिंग प्रतियोगिता की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में 29 नवम्बर को दोपहर 01.30 बजे कार्यालय जिला पंचायत जिला इन्दौर के सभागृह बैठक आयोजित की गई है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग इंदौर श्री अरविन्द सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शालेय कराते प्रतियोगिता में 19 वर्ष से कम एवं शूटिंग प्रतियोगिता में 17 वर्ष के बालक एवं बालिका इस स्पर्धा में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 20 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक आयोजित होना है।

# एप डाउनलोड कर क्रेडिट कार्ड की डिटेल डालते ही खाते से निकले रुपए

## निजी कंपनी के कर्मचारी के साथ 92 हजार की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। निजी कंपनी में काम करने वाले को ठगोरे ने बैंक अधिकारी बनकर 92 हजार रुपए की चपत लगा दी। दरअसल ठगोरों ने क्रेडिट इंश्योरेंस बंद करने के नाम पर एक एप डाउनलोड कराया और जैसे ही कार्ड की डिटेल डाली तो खाते से रुपए निकल गए।**

एडिशनल डीसीपी जोन 1 आलोक शर्मा ने बताया कि राऊ थाने में साइबर हेल्प डेस्कपर राऊ निवासी जितेंद्र आर्य ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह सिपला कंपनी में जाब करते हैं। उनके पास इंडसइंड बैंक का कर्मचारी बनकर किसी का कॉल आया था, जिसने बताया कि आपने क्रेडिट कार्ड में आनलाइन इंश्योरेंस कराया है। इसे चालू रखना चाहते हैं तो 30 हजार का पेमेंट करना होगा और यदि बंद कराना चाहते हैं तो बताएं। इस पर जितेंद्र ने बंद करने की बात कही। इस पर कॉलर ने कहा कि बंद कराने के लिए आपको एक लिंक आएगी, जिस पर आपको कार्ड का डिटेल डालना होगा और जैसे ही आप डिटेल डालेंगेआपका इंश्योरेंस बंद हो जाएगा।

इसके बाद दो अलग-अलग नंबरों से लिंक भेजी गई इस लिंक से बैंक का एप डाउनलोड किया गया तो खाते से एक बार में 61 हजार, दूसरी बार 24 हजार पांच सौ और दो बार और रुपए कट गए। जब जितेंद्र के पास मैसेज आया तो ठगी का पता चला। मामले में पुलिसड्डड्ड कार्रवाई करते हुए मोबाइल नंबर के आधार पर ठगोरे का पता लगा रही है। वहीं जिन खातों में रुपए टांसशफर हुए हैं उन्हेंफ्रीज कराया जा रहा है।

# कलयुगी बेटे-बहू ने बुजुर्ग मां को घर से निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुढ़ापे में मां की सेवा करने के बजाए कलयुगी बहू-बेटे ने मां को घर से निकाल दिया। अब वह दर दर की ठोकरें खा रही है। बुजुर्ग न्याय की गुहार के लिए रावजी बाजार थाने पहुंची। यहां उनकी आपबीती सुने के बाद टीआई ने मां को घर से निकालने वाले बहू बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

रावजी बाजार थाना प्रभारी आमोद सिंह राठौर ने बताया कि अलका सोनी (68) निवासी पागनीस पागा थाने पहुंची और अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके बेटे जितेंद्र सोनी और बहू अमरजीत सोनी ने उनके साथ अभद्रता करते हुए उन्हें घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं उनका गुजर बसर के लिए उन्हें रुपए भी नहीं देते हैं। जिस उम्र में उन्हें बेटे से सहारे की उ मीद थी उसी बेटे ने बहू के कहने पर उन्हें घर से निकाल दिया अब वे अपनी बेटी के साथ उसके ससुराल में रह रही हैं वही उनका ध्यान रख रही है। बुजुर्ग महिला की आपबीती सुनने के बाद टीआई ने फौरन उनके बेटे जितेंद्र सोनी और बहू के अमरजीत के खिलाफ सीनियर सिटीजन एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया और अब उन्हें नोटिस देकर थाने बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस अब आगे की प्रक्रिया कर रही है।

# चेन झपटने वाला बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला की चेन झपटकर फरार हुए बदमाश को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है। पुलिस से बचने के चक्कर में आरोपी ने दौड़ लगाई और वह अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे उसका पैर टूट गया। आरोपी उज्जैन में भी चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। उसने गिर त में आने पर दो वारदातें करना कबूल किया है। अन्य घटनाओं के संबंध में पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।**

डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि 25 अक्टूबर को क्लर्क कोलानी निवासी बुजुर्ग महिला मिथिलेश अग्रवाल की दुकान में बदमाश चाकलेट लेने के बहाने अंदर घुसा और झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन ले उड़ा। मामले में परदेशीपुरा पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बदमाश की धरपकड़ के लिए उन्होंने एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और एसीपी शिवेंदु जोशी को निर्देशित किया। इसके बाद टीआई पकंज द्विवेदी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीआई द्विवेदी ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले तो लाल कलर की एक्सेस बदमाश वारदात कर फरार होता दिखाई दिया। फुटेज मुखबिरों को सरकुलेट किए गए। गुरूवार को थाना प्रभारी पकंज द्विवेदी को सूचना मिली कि आईटीआई तिराहे के पास सेम वाहन व हुलिए का युवक नजर आया है। इस पर तत्काल वह पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगा इस दौरान वह गिर गया जिससे वह बुरी तरह ज मी हो गया। पुलिस ने उसे चंद दूरी में ही पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम अजय पिता रामजी मालवीय निवासी ग्राम गूजर बापचा देवास बताया। उसने बुजुर्ग महिला मिथिलेश अग्रवाल की चेन झपटना स्वीकार किया साथ ही पूछताछ मे उसने बताया कि उसने उज्जैन के एक घर से जेवर व लाल एक्सेस चुराई थी उसी वाहन से उसने परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी से पुलिस ने डेढ लाख रूपए का सामान जब्त कर लिया है। गिर त में आया बदमाश शातिर नकबजन है और उस पर कई अपराध दर्ज हैं।

## युवक से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना इलाके में एक होटल के सामने तीन अड़ीबाज बदमाशों ने रूपए न देने पर युवक को पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना खजराना पुलिस के मुताबिक अड़ीबाजी की वारदात रेंजर होटल के सामने हुई। पुलिस ने फरियादी अल्ताफ पिता शरीफ खुमानी निवासी खजराना की रिपोर्ट पर अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात तीन व्यक्ति उसके पास आए और शराब पीने के लिए रूपए की मांग की। रूपए देने से मना करने पर आरोपियों ने गाली गलौज की और मारपीट कर दी। मारपीट के बाद आरोपी बोले कि आइंदा हमे रूपए देने से मना किया तो तुझे जान से मार देंगे। इसके बाद आरोपी भाग गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खगाल रही है।

# विजय मराठा प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जननायक कपूरी ठाकुर ओबीसी संगठन रजिस्टर्ड भारत में कर्मचारी एवं कामगार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सेन और राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुवीर श्रीवास की अनुशंसा पर विजय मराठा को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नगर निगम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश चौकसे, महामंत्री सुभाष वर्मा शुभम चौकसे एवं साथीगण उपस्थित रहे।

# इंदौर के डॉक्टर की डॉक्यूमेंट्री को गोवा में अवार्ड




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्लेफ्ट लिप (कटे होंठ) और क्लेफ्ट पैलेट (कटे तालू) एक बड़ी समस्या है। इसकी वजह से कई बच्चों का जीवन जन्म से ही संघर्षमय हो जाता है। इस समस्या के कारण बच्चे न तो सही तरीके से खाना खा पाते हैं और न ही ठीक से बोल पाते हैं। यह समस्या उनके चेहरे को भी असामान्य बना देती है। इसके तहत ऐसे बच्चों के फ्री ऑपरेशन नियमित रूप से किए जाते हैं। डॉ. जयदीप सिंह चौहान (स्माइल ट्रेन के सर्जन और प्रोजेक्ट डायरेक्टर) ने बताया कि स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के देश में 30 नवंबर को 18 साल पूरे होने वाले हैं। इस अवधि में हमने न सिर्फ इंदौर, बल्कि प्रदेश और देश के 10,000 से अधिक बच्चों के फ्री ऑपरेशन किए हैं। हमारी इस कोशिश ने न केवल बच्चों की जिंदगी बदली है, उनके परिवारों के मन में भी उम्मीद जगाई है कि उनके बच्चे सामान्य जीवन जी सकेंगे। स्माइल ट्रेन की इस टीम में डॉ. चौहान के अलावा डॉ. मीनू चड्ढा, डॉ. मनीष जैन, डॉ. सर्वप्रिया शर्मा, डॉ. अमित चौरसिया, डॉ. यश मेहता, डॉ. मनीष शर्मा और जागृति जूनवाल शामिल हैं। इस समस्या के इलाज के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए डॉ. चौहान ने स्वास्थ्य विभाग की मदद से एक डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाई है। इसे हाल ही में 11वें गोवा शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में 'बेस्ट नॉन-फिक्शन फिल्म' के अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## दुकान में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में कलेक्टर ऑफिस के सामने एक रूई की दुकान में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड ने आग को काबू किया। शॉर्ट सर्किट के चलते हादसा होने की बात सामने आई है। यहां पहले भी आग लगने की घटना हो चुकी है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक मोती तबेला फायर परिसर के बाहर बनी एक रूई की दुकान में शुक्रवार सुबह आगजनी हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडी 5 मिनट में पहुंच गई। आग में रूई की दुकान और उसके पास बने दो गैरेज चपेट में आए हैं। हादसे में को जनहानि नहीं हुई है। दुकान के अंदर रखा सामान और दो-तीन बाइक को नुकसान हुआ है।

# पुलिस की गिरफ्त मे आया शातिर चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र से प्रापर्टी ब्रोकर की एक्टिवा चुराने वाले बदमाश को पुलिस ने गिर तार कर लिया है। गिर त में आया बदमाश जेल से छूटते ही फिर से वारदातों को अंजाम देने लगा था। आरोपी से पुलिस ने चुराई गई एक्टिवा और लाखों रूपए की नगदी बरामद कर ली है और अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।**

डीसीपी ऋषिकेश मीणा ने बताया कि फरियादी गुरूनाम सिंह ने जूनी इंदौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह प्रापर्टी ब्रोकर का काम करता है। त्रिवेणी कालोनी से उसकी एक्टिवा कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया। एक्टिवा की डिक्की में जरूरी दस्तावेज व नगदी रखे हुए थे। वहीं उसी दिन फरियादी कुणाल अजनेरिया निवासी बीके सिंधी कालोनी के घर में घुसे अज्ञात चोर ताला तोडक़र दो मोबाइल व नगदी लेकर फरार हो गए थे। दोनों पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपी की गिर तारी के लिए डीसीपी ने एडिशनल डीसीपी आनंद यादव और एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे को निर्देशित किया था। इसके बाद बदमाश की गिर तारी के लिए जूनी इंदौर थाना प्रभारी अनिल गुप्ता के नेतृत्व में टीमें गठित की गई। थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने अपनी टीम के साथ मिलकर दोनों घटनास्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खगाले तो दोनों ही वारदातों में एक ही बदमाश के शामिल होने का उन्हें क्लू मिला। इस पर पुलिस ने बदमाश की पहचान के लिए मुखबिरों को लगाया तो उसका नाम अभिषेक उर्फ चीना सिरसिया पिता विजय निवासी बीके हरिजन कालोनी सामने आया। इस पर उसे पकडऩे के लिए टीमें लगाई गई और पुलिस ने बदमाश अभिषेक उर्फ चीना को गिर तार कर लिया। गिर त में आए बदमाश ने दोनों घटना करित करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराई गई एक्टिवा व उसकी डिक्की में रखी नगदी 60 हजार रूपए बरामद कर लिए वहीं दूसरी घटना में उसके द्वारा चुराई गई राशि 54 हजार रूपए व मोबाइल भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने उसके रिकार्ड खगाले तो उस पर एक दर्जन अपराध विभिन्न थानों में दर्ज होना पाए गए। आरोपी हाल ही में जेल से छूटा था और छूटते ही फिर से वारदात करना शुरू कर दी थी।

## घायल युवक ने दम तोड़ा

इंदौर। कनाडिया इलाके में तेज र तार से जा रहा लोडिंग रिक्शा पलट गया। हादसे में उसमें सवार चालक का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चालक पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक हादसा 2& नवंबर को कनाडिया रोड पर हुआ। मृतक का नाम सूरज पिता शंकरलाल गेहलोत निवासी उद्योग नगर पालदा है। पुलिस ने आरोपी चालक अजय पिता देवीलाल योगी निवासी सांवेर पर केस दर्ज किया है।

## युवक ने खाया जहर

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में एक युवक ने जहर खा लिया उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक युवक का नाम प्रेम पिता मुकेश (27) निवासी ऋषिपैलेस कालोनी है। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए शीतल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची। युवक के बयान अभी नहीं हो पाए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उत्तरी हवाओं से एमपी में रात और दिन में बढ़ रही ठंड

## 2 दिन में दो लोगों की गई जान, कल से और बढ़ेगी ठंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। उत्तरी हवाओं से मध्यप्रदेश में रात के साथ दिन में भी ठंड बढ़ने लगी है। खासकर पूर्वी हिस्से में दिन का तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि 29 नवंबर शुक्रवार से प्रदेश में और ठंड बढ़ेगी। वही दिसंबर माह में प्रदेश में शीत लहर चलेगी और न्यूनतम तापमान में अधिकतम गिरावट आएगी। इधर प्रदेश दो दिन के भीतर ठंड से दो लोगों की जान चली गई है। गुरुवार सुबह डिंडौरी बस स्टैंड पर अधेड़ की ठंड से मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। इससे पहले बुधवार को बैतूल में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सो रहे युवक की मौत हो गई थी।



**पचमढ़ी से भी ठंडा रहा मंडला-** मध्य प्रदेश एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी की तरह दूसरे शहरों में भी ठंड पड़ने लगी है।गुरुवार की रात मंडला पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां रात का तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का तापमान 7.2 डिग्री, टीकमगढ़ में 7.5 डिग्री, नौगांव में 8.6 डिग्री, मलाजखंड में 9.3 डिग्री और रीवा में 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल 10.2 डिग्री, इंदौर में 13.2 डिग्री, ग्वालियर में 10.9 डिग्री, उज्जैन में 12.2 डिग्री और जबलपुर में 9 डिग्री सेल्सियस रहा। दरअसल भोपाल में 6 दिन के बाद पारा 10 डिग्री के ऊपर पहुंचा। इससे पहले की छह रातों में पारा 8.8 डिग्री से 9.8 डिग्री के बीच रहा था।

**बर्फीली हवाओं से बढ़ेगी ठिठुरन-** मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि पश्चिम-उत्तर भारत में अगले 2 से 3 दिन में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। जिससे बर्फीली हवा की रफ्तार तेज हो जाएगी और मध्य प्रदेश भी इसकी चपेट में आ जाएगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीट 260 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही है। लेकिन इसकी ऊंचाई 12.6 किमी है, इस वजह से प्रदेश में असर कम है। जब हवा नीचे बहेगी तो कड़ाके की ठंड होगी।वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से दिसंबर के पहले सप्ताह में ही यह दौर शुरू हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। इस वजह से जेट स्ट्रीम हवाओं की रफ्तार ज्यादा है।

### सीएम यादव से निवेदन सर्वे कराएं

# टी राजा बोले-महाकाल के आसपास मुसलमानों की दुकानें न हों

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन** आए हैदराबाद की गोशामहल से विधायक टी राजा ने महाकाल मंदिर के आसपास की दुकानों का सर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, 'महाकाल मंदिर पवित्र और प्राचीन स्थल है। मंदिर से 50 किलोमीटर दूर तक कोई भी मुसलमान की होटल नहीं रहना चाहिए।'

गुरुवार शाम उन्होंने मंदिर में गर्भगृह की देहरी से महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद मीडिया से बातचीत में कहा, 'हिंदू यदि अपवित्र जगह में रहकर मंदिर आएंगे, तो पूजा भी स्वीकार नहीं होगी। एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेदन करता हूं कि महाकाल मंदिर के आसपास जो होटलें है, उनका सर्वे होना चाहिए। इनमें क्या पक रहा है, क्या बेचा जा रहा है? जांच की जानी चाहिए।' विधायक टी. राजा ने उत्तरप्रदेश के संभल मस्जिद के सर्वे



को लेकर कहा, 'सर्वे करने पहुंची टीम पर हमला किया गया, पुलिस पर पथराव किया गया। आपसी दुश्मनी में गोलियां चलीं और चार लोग मारे गए। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जो संभल मस्जिद का सर्वे रोक रहे हैं, कहीं तुम्हें डर तो नहीं है कि सचमुच में शंकर का मंदिर बाहर आ जाएगा। संभल मस्जिद का सर्वे तो होकर रहेगा। वहां मंदिर है, तो संभल की मस्जिद भी हटेगी और भव्य मंदिर बनेगा।'

## अपनी ही पार्टी की विधायक के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी की विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। कांग्रेस ने मांग की है कि सागर जिले के बीना से विधायक सप्रे ने दल-बदल किया है, इसलिए उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द की जाए। सप्रे 6 महीने से भाजपा के साथ हैं, लेकिन विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है। विधायक निर्मला सप्रे लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान 5 मई को राहतगढ़ में सीएम डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में मंच पर पहुंचीं थी। तब से वे कांग्रेस से दूरी बनाते हुए भाजपा के साथ हैं, लेकिन औपचारिक रूप से भाजपा की सदस्यता नहीं ली है। इसी वजह से आधिकारिक तौर पर अब भी वो कांग्रेस की विधायक हैं। अब कांग्रेस ने निर्मला की सदस्यता खत्म कराने को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में

# नीति आयोग सदस्य के घर में चोरी

### जेवर-नगदी सहित सवा करोड़ का माल गायब, बेटी की शादी में गया था परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर जिले के खुरई में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। 26 नवंबर की रात चोरों ने नीति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना जैन के चंद्रशेखर वार्ड स्थित सूने निवास को निशाना बनाया। यह घटना तब हुई जब परिवार बेटी की शादी में शामिल होने मंडला गया हुआ था।

परिजनों के अनुसार, चोर लगभग डेढ़ किलो सोने के आभूषण, 8 से 10 किलो चांदी के गहने और सिक्के, तथा लगभग साढ़े आठ लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी किए गए सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 37 लाख रुपये है। नीति आयोग की सदस्य अर्चना जैन के पति सुनील कुमार जैन ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 26 नवंबर को मंडला में थी। परिवार 25 नवंबर को ही मंडला के लिए रवाना हो गया था। जब 27 नवंबर की रात करीब 9 बजे वे खुरई स्थित घर लौटे, तो उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। शक होने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर खुरई थाना प्रभारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। 28 नवंबर की सुबह से फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम (FSL) और स्निफर डॉग की मदद से चोरों के सुराग जुटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। खुरई नगर में लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय लोग चिंतित हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस की गश्त और सायरन का भी कोई असर नहीं दिख रहा।

## मंदिर में ही कर दिया शर्मनाक कांड

**बुरहानपुर।** जिले से एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है। एक मंदिर में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। एक लड़का और लड़की मंदिर में अश्लील हरकत कर रहे थे। जिसका वीडियो वायरल हो गया है। वायरल वीडियो पर हिंदू संगठन और गांव के लोगों ने जमकर हंगामा किया। थाने पहुंचकर नारेबाजी करते हुए आरोपी के गिरफ्तारी की मांग की। बुधवार दोपहर करीब 3:00 बजे एक युवक युवती दर्शन करने के बहाने शाहपुर मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों मंदिर के अंदर अश्लील हरकत करने लगे। वहीं किसी ने इस कृत्य का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो को देखकर रात करीब 10:00 बजे हिंदू संगठन और शाहपुर क्षेत्र के लोग थाने पहुंच गए और जमकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की। थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया आरोपी योगेश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। वहीं घटना के दूसरे दिन भी शाहपुर क्षेत्र में तनाव देखने को मिला।

## एमपी में 5 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलेंगे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले शैक्षणिक सत्र से 5 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। ये कॉलेज बुधनी, मंडला, श्योपुर, सिंगरौली, राजगढ़ में खुलेंगे। इन सभी में 150-150 सीटें होंगी। इस तरह प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 750 सीटें बढ़ जाएंगी। वहीं, 12 नए प्राइवेट कॉलेज जिला अस्पतालों से संबद्धता के बाद खुलेंगे। इनसे 1200 सीटें बढ़ेंगी, इस तरह कुल 1950 मेडिकल सीटें बढ़ने की संभावना है। इन कॉलेजों के शुरू होने के बाद प्रदेश में 21 सरकारी और 15 निजी कॉलेज हो जाएंगे, यानी इनकी कुल संख्या बढ़कर 36 हो जाएगी। इनके अलावा सरकार के इसी कार्यकाल में 12 नए प्राइवेट मेडिकल कॉलेज खुलना भी प्रस्तावित हैं। इनके बाद मध्यप्रदेश में कुल 48 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे।

# बागेश्वर बाबा की पदयात्रा में भक्तों का सैलाब, धीरेंद्र शास्त्री को करना पड़ रही न आने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 9 दिवसीय हिंदू सनातन एकता पदयात्रा का आज आठवां दिन था, और यह यात्रा निवाड़ी जिले के ओरछा तिगैला पहुँच गई। पदयात्रा का समापन शुक्रवार को रामराजा सरकार की नगरी ओरछा में होना है। यात्रा के समापन से पहले पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक वीडियो जारी कर एक खास अपील की है। उन्होंने यात्रा में शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालुओं से कहा कि पहले से ही लाखों की संख्या में लोग यात्रा में भाग ले रहे हैं, इसलिए जो लोग अभी यात्रा में शामिल होने का विचार कर रहे हैं, उन्हें वहीं रुकने की अपील की गई है और लाइव माध्यम से यात्रा में जुड़ने की सलाह दी गई है।



पंडित शास्त्री ने कहा कि बढ़ती भीड़ और यात्रा में आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए यह अपील की जा रही है ताकि किसी को भी कोई असुविधा न हो। उन्होंने यात्रा के दौरान आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया है, ताकि सभी श्रद्धालुओं को समुचित व्यवस्था और सुख-सुविधा मिल सके। पंडित शास्त्री ने अपनी बात में यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले लोग लाइव के जरिए यात्रा के साथ जुड़ सकते हैं और इसी से यात्रा का हिस्सा बन सकते हैं।

यह अपील खासतौर पर यात्रा के समापन के समय, जब लाखों श्रद्धालु एकत्रित होने वाले हैं, की गई है ताकि और अधिक लोग यात्रा में बिना किसी परेशानी के जुड़ सकें और यात्रा का आनंद उठा सकें।

### कई संत हुए साथ

बागेश्वर धाम से रामराजा सरकार की नगरी ओरछा तक करीब 160 किलोमीटर की सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा लगातार आगे बढ़ रही है। आठवें दिन यह यात्रा ओरछा तिराहे पर ठहरी। बागेश्वर धाम के पीठधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सभी पैदल चल रहे यात्रियों का उत्साह बढ़ाया। जिस तरह से लाखों लोग जात-पात मिटाकर सिर्फ हिंदुत्व के लिए पैदल निकल पड़े हैं उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि इस पैदल यात्रा से कट्ट हिंदुत्व की चिंगारी निकली है। यह चिंगारी कब आग का रूप ले लेगी इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। पदयात्रा में देश के जाने-माने संतों के साथ-साथ राजनीति से जुड़े लोग भी शामिल हो रहे हैं। महाराजश्री ने कहा कि बिना सड़क पर निकले लोगों को एकजुट नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अन्य मजहबों में कई जातियां होने के बावजूद जब धर्म की बात आती है तो सभी एकजुट हो जाते हैं। ठीक उसी तरह हमें भी अपने धर्म के लिए आपसी भेद-भाव, जात-पात, छुआ-छूत यह सब भूलना पड़ेगा।

## संपादकीय

# क्या नई सरकार वादों पर खरी उतरेगी?

करीब तीन महीने पहले बांग्लादेश में जब एक अप्रत्याशित घटनाक्रम के बीच तख्तापलट के बाद नई अंतरिम सरकार ने काम करना शुरु किया था, तब उम्मीद की गई थी कि वह अब सबके हित को मकसद बना कर नई राह पर चलेगी। मगर अब वहां से जैसी खबरें आ रही हैं, वे यही बताती हैं कि बांग्लादेश शायद फिर से एक नई समस्या के दौर में दाखिल हो रहा है। यह विडंबना ही है कि नई अंतरिम सरकार ने सबको साथ लेकर चलने का भरोसा दिया था, लेकिन अब वहां के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने बेहद जटिल स्थिति खड़ी हो रही है और उनके साथ होने वाले बर्ताव से ऐसा लगता है कि उन्हें देश में दोयम दर्जे का नागरिक माना जाएगा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां सामुदायिक टकराव की स्थिति बन रही है और सरकार उसका कोई समाधान निकालने के बजाय अल्पसंख्यकों के खिलाफ नाहक आक्रोश को रोक नहीं पा रही है। गौरतलब है कि कुछ समय से लगातार ऐसी आवाजें उठ रही हैं कि बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार के जिम्मेदारी संभालने के बाद स्थानीय हिंदू समुदाय के साथ कई स्तर पर भेदभाव किए जा रहे हैं और सरकार उन्हें रोकने के बजाय अपनी आंखें मूंदे हुए है। जबकि बांग्लादेश में बगावत के बाद नए दौर की शुरुआत के साथ लोगों ने वहां सद्भाव और समावेशी राह की नई हवा बहने की उम्मीद की थी। फिलहाल स्थिति यह है कि वहां की पुलिस ने इस्कान समूह से जुड़े रहे चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि वहां उन पर राष्ट्रीय झंडे को अपमानित करने का हवाला देकर राष्ट्रद्रोह का आरोप लगाया गया है, मगर इस आरोप की हकीकत तो जांच से ही सामने आएगी। इसके बाद बांग्लादेश की नई सरकार के इस रुख पर सवाल उठने लगे हैं कि पिछली सरकार को तानाशाही बता कर सत्ता में आने के बाद क्या अब उसका रवैया धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति पनप रहे विद्वेष को तुष्ट करने वाला होगा। कहने को बांग्लादेश की सरकार इस तरह के आरोपों से इनकार करती है, लेकिन आखिर क्या वजह है कि वहां हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की ओर से अपने खिलाफ माहौल पैदा करने के आरोप लगाए जा रहे हैं और सरकार अपने रवैये से इस समस्या का कोई सौहार्दपूर्ण हल निकालने के बजाय असंतोष को बढ़ावा दे रही है! सवाल है कि अगर बांग्लादेश में पूर्व की सरकार पर तानाशाही के आरोप थे और आम जनता ने उसके खिलाफ विद्रोह करके उसे सत्ता से हटाया, तो नए दौर के शुरुआती महीनों में ही वहां से ऐसी तस्वीरें क्यों सामने आने लगी हैं। फिलहाल जिस तरह के हालात पैदा हो रहे हैं, अगर सरकार ने उस पर तत्काल लगाम लगाने के ठोस उपाय नहीं किए तो सामुदायिक टकराव चिंताजनक रास्ता भी अख्तियार कर सकता है।

## OSHO कहिन

"परिणाम पाने के लिए आसानी से आगे बढ़ते रहो, भगवान के आदेश से ही सभी कार्य पूरे होते हैं।"



## महिला जगत

# दुनिया में सबसे अधिक मां का दूध दान करके इस महिला ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

ऐसे बच्चे जिन्हें परिवार गोद लेते हैं, वह भी फार्मूला के बजाय स्तन का दूध देना पसंद करते हैं। हालांकि ऐसी स्थितियों में शिशु में मां के दूध की पूर्ति के लिए स्तन दूध बैंक है, जहां महिलाएं मां का दूध दान करती हैं।




नवजात शिशु के लिए मां का दूध पालन-पोषण का एक मात्र जरिया है। इसमें कई तरह के विटामिन, चीनी, प्रोटीन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। मां के दूध से शिशु को पूरा पोषण मिलता है और कई बीमारियों से लड़ने की ताकत भी मिलती है। जन्म के एक घंटे के अंदर मां का गाढ़ा दूध शिशु का पहला टीका होता है। कई माताओं को पूरक आहार न मिल पाने या स्वास्थ्य समस्याओं के कारण दूध नहीं आता, जिससे वह बच्चे को पोषण नहीं दे पातीं। ऐसे बच्चे जिन्हें परिवार गोद लेते हैं, वह भी फार्मूला के बजाय स्तन का दूध देना पसंद करते हैं। हालांकि ऐसी स्थितियों में शिशु में मां के दूध की पूर्ति के लिए स्तन दूध बैंक है, जहां महिलाएं मां का दूध दान करती हैं।

### सबसे अधिक मां का दूध दान करने वाली महिला

डोनर दूध की आवश्यकता को महसूस करते हुए एलिसा ओगलेट्री ने सबसे ज्यादा दूध दान करने का रिकॉर्ड बनाया है। उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। आइए जानते हैं एलिसा ओगलेट्री के बारे में। कैसे उन्होंने सबसे अधिक मां का दूध दान किया।

### 3,50000 से ज्यादा शिशु तक पहुंचाया पोषण

जुलाई 2023 तक एलिसा ने लगभग 2600 लीटर से अधिक स्तन दूध दान करके रिकॉर्ड बनाया। मदर्स मिल्क बैंक के मुताबिक, एक लीटर स्तन दूध से 11 प्रीमैच्योर शिशुओं की पोषण मिल सकता है। इस हिसाब से एलिसा ने 2600 लीटर से अधिक दूध दान करके 350,000 से ज्यादा बच्चों की जान बचाई और पोषण पहुंचाया।

### 2014 में पहली बार एलिसा ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

एलिसा ओगलेट्री टेक्सास की रहने वाली हैं। साल 2014 में उन्होंने लगभग 15 सौ लीटर स्तन दूध दान करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने बेटे काइल के जन्म के बाद साल 2010 में स्तन दूध दान करना शुरू किया था। इसकी सलाह उन्हें एक नर्स ने दी, जब ये पाया गया कि वह सामान्य से अधिक दूध उत्पादन कर रही हैं।

काइल के बाद उन्होंने दो और बच्चों को जन्म दिया। बच्चों के जन्म के साथ ही वह लगातार स्तन दूध दान करती रहीं। एलिस एक सेरोगेट बच्चे को मिलाकर 4 बच्चों की मां हैं। टेक्सास ने मदर्स मिल्क बैंक के अलावा, टिनी ट्रेजर्स और करीबी दोस्तों को मां का दूध दान किया।

Tamil Nadu

# कहर बनकर आ रहा साइक्लोन फेंगल, इन इलाकों पर होगा असर; मौसम विभाग की चेतावनी



**चेन्नई, (एजेंसी)** साइक्लोन फेंगल का असर भारत के विभिन्न हिस्सों में नजर आने लगा है। इसके चलते कुछ इलाकों में भारी बारिश के आसार हैं। तमिलनाडु और पुडुचेरी को लेकर चेतावनी जारी हो चुकी है। इन जगहों पर स्कूल बंद कर दिए गए हैं। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल फेंगल साइक्लोन बंगाल की खाड़ी में तेज हो रहा है। अगले 48 घंटों में इसके चलते तेज हवाओं के साथ भारी बरसात होगी। तमिलनाडु के तटीय इलाकों, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश प्रदेश में बाढ़ की भी चेतावनी दी गई है। पुडुचेरी के गृहमंत्री ए नामासिवायम ने यहां के सभी स्कूलों में अगले दो दिन के लिए छुट्टी की घोषणा कर दी है। चेन्नई क्षेत्रीय मौसम केंद्र के निदेशक एस बालाचंद्रन ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में गहन दबाव का क्षेत्र बन रहा है। यह नागापट्टिनम दक्षिण पूर्व से अभी करीब 310, पुडुचेरी दक्षिण पूर्व से 410 किमी और चेन्नई से 480 किमी की दूरी पर है। फेंगल को लेकर तमिलनाडु में अधिकारियों ने चेतावनी जारी की है। इसके मुताबिक निचले और तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से सुरक्षा मानकों का पालन करने को कहा गया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) आरएमसी ने अपने हालिया बुलेटिन में कहाकि फेंगल तूफान श्रीलंका तट से होते हुए लगभग उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ेगा। अगले 12 घंटों के दौरान एक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा। इसके मुताबिक 30 नवंबर की सुबह के आसपास यह गहन दबाव क्षेत्र के रूप में कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी के तटों को पार करेगा।

Jammu

## 1978 से सेना के कब्जे में थी जमीन, अब देना होगा 46 साल का किराया HC का बड़ा आदेश



**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने एक फैसला सुनाया जिसमें याचिकाकर्ता को बड़ी राहत देते हुए भारतीय सेना को 46 साल का किराया चुकाने का आदेश दिया। आपको बता दें कि याचिकाकर्ता की जमीन 1978 से सेना के कब्जे में थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संपत्ति का अधिकार न केवल संवैधानिक और वैधानिक अधिकार है बल्कि यह मानव अधिकारों के दायरे में भी आता है।

आपको बता दें कि कुपवाड़ा जिले के तंगधार क्षेत्र के निवासी अब्दुल मजीद लोन ने सेना द्वारा उनकी भूमि का किराया अदा न किए जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट की बेंच में जस्टिस वसीम सादिक नरगल शामिल थे। इस बेंच ने 11 नवंबर को यह आदेश जारी किया। यह भूमि 12 कनाल और 14 मरला में फैली हुई है और सेना कथित रूप से इस पर 1978 से कब्जा किए हुए है।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, 'मानव अधिकारों को व्यक्ति के अधिकारों जैसे कि आवास, आजीविका, स्वास्थ्य और रोजगार के दायरे में माना गया है। समय के साथ इन अधिकारों का बहुआयामी विस्तार हुआ है।' आदेश में यह भी कहा गया कि सेना ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए याचिकाकर्ता की भूमि पर कब्जा किया और किराया भी नहीं दिया है। यह याचिकाकर्ता के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

Haryana

## बिहार का कुख्यात गैंगस्टर सरोज राय मारा गया, गुरुग्राम में एनकाउंटर

**गुरुग्राम, (एजेंसी)** हरियाणा के गुरुग्राम में शुक्रवार तड़के गुरुग्राम और बिहार पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान बिहार के एक कुख्यात इनामी गैंगस्टर को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। इस कार्रवाई में बिहार पुलिस के एक जवान को भी गोली लगी है। मारे गए बदमाश पर बिहार पुलिस ने 2 लाख रुपये का इनाम रखा हुआ था। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम और बिहार पुलिस के साथ एनकाउंटर में मारे गए 26 वर्षीय गैंगस्टर सरोज राय पर बिहार में 30 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज थे। सरोज राय गुरुग्राम में भी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने कि फिराक में था। हाल ही में उसने बिहार के सीतामढ़ी से जदयू विधायक से रंगदारी मांगी थी। उसके बाद से ही बिहार पुलिस की उसके पीछे पड़ी हुई थी। गुरुग्राम के खेड़की दौला थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 4 बजे हुए इस एनकाउंटर के दौरान गैंगस्टर सरोज राय का साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस और बिहार पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में बिहार के कुख्यात गैंगस्टर सरोज राय की एनकाउंटर में मौत हो गई।

New Delhi

## भारत में हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की तैयारी, हरियाणा के 2 शहरों के बीच होगा ट्रायल रन



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय रेलवे ने हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन लॉन्च करने की तैयारी के साथ एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह अत्याधुनिक ट्रेन हरियाणा के जींद और सोनीपत रेलवे स्टेशनों के बीच जल्द ही ट्रायल रन के लिए दौड़ेगी। इस हाइड्रोजन ट्रेन का डिजाइन रेलवे की शोध, डिजाइन और मानक संगठन (RDSO) द्वारा विकसित किया गया है। डिजाइन को दिसंबर 2021 में अंतिम रूप दिया गया था। इसके निर्माण पर काम तब से लगातार चल रहा है। इस ट्रेन का अंतिम ट्रायल अगले साल की पहली तिमाही में होने की संभावना है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, आरडीएसओ के महानिदेशक उदय बोरवंकर ने कहा, ''आरडीएसओ लगातार नए और अभिनव प्रोजेक्ट्स पर ध्यान केंद्रित करता है। हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग सड़क परिवहन में सफल रहा है। रेलवे में अभी तक इसका व्यापक उपयोग नहीं हो सका है। भारत का यह प्रयास टिकाऊ ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि होगी।'' इस ट्रेन में 8 यात्री डिब्बे होंगे, जिनमें एक बार में 2,638 यात्री यात्रा कर सकेंगे। ट्रेन की अधिकतम गति 110 किमी/घंटा होगी। इसमें तीन डिब्बे हाइड्रोजन सिलेंडरों, ईंधन सेल कन्वर्टर्स, बैटरियों और एयर रिज़र्व के लिए होंगे। यह ट्रेन विशेष रूप से कम दूरी के सफर के लिए उपयुक्त मानी जा रही है। वर्तमान में चेन्नई के इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) में ट्रेन का इंटीग्रेशन कार्य प्रगति पर है।

खेल

# पीवी सिंधू उलटफेर का शिकार होने से बचीं, लक्ष्य भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, (एजेंसी) स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने गुरुवार को हमवतन ईरा शर्मा के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने से बचीं और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।दूसरी ओर, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को 147वें नंबर की खिलाड़ी ईरा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले में 21-10, 12-21, 21-15 से जीत दर्ज करने के दौरान 49 मिनट तक जूझना पड़ा। सिंधू पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रही हैं और उन्होंने पिछला खिताब 2022 में सिंगापुर ओपन में जीता था। यह 29 वर्षीय भारतीय अगले दौर में चीन की दुनिया की 118वें नंबर की खिलाड़ी डाइ वैंग से भिड़ेंगी। वैंग ने दूसरे दौर में भारत की देविका सिहाग को 19-21, 21-18, 21-11 से हराया।

पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने दूसरे दौर के मुकाबले में इस्राइल के दानिल डुबोवेंको के खिलाफ सीधे गेम में 35 मिनट में 21-14, 21-13 की जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई। लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में हमवतन मेइराबा लुवांग के खिलाफ खेलेंगे जिन्होंने आयरलैंड के छठे वरीय एनहाट एनगुएन को 21-15 21-13 से हराया। एकल के अन्य मुकाबलों में भारत के आयुष शेट्टी ने मलयेशिया के होह जस्टिन को 21-12, 21-19 से हराया, जबकि तीसरे वरीय किरण जॉर्ज को जापान के शोगो ओगावा के खिलाफ 21-19 20-22 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत के दूसरे वरीय प्रियांशु राजावत ने भी वियतनाम के ली डुक फाट को 21-15, 21-8 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### उन्नति ने थाईलैंड की पोर्नपिचा को हराया

महिला एकल में भारत की 17 साल की गैरवरीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने दूसरे दौर में उलटफेर करते हुए थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग को 46 मिनट में 21-18, 22-20 से हराया। दूसरी वरीय मालविका बंसोड़ को हालांकि 17 वर्षीय हमवतन भारतीय श्रीयांशी वलिशेट्टी के खिलाफ 12-21, 15-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर ने भी हमवतन अनुपमा उपाध्याय को 21-15, 13-21, 21-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

सिनेमा

## बायोपिक से तंग आए रणदीप हुड्डा, करना चाहते हैं मसाला फिल्में, बोले- बहुत चैलेंजिंग होता है...



स्वातंत्र्यवीर सावरकर, सरबजीत जैसी फिल्मों से अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ चुके रणदीप हुड्डा, लगता है अब बायोपिक फिल्मों से तंग आ चुके हैं. उन्होंने IFFI 2024 में इस बारे में बात की, रणदीप ने कहा कि अब वो मसाला फिल्मों की ओर भी रुख करना चाहते हैं. रणदीप से जब पूछा गया कि क्या वो और बायोपिक करना चाहेंगे? तो रणदीप ने बताया कि शेर सिंह राणा पर काम अभी भी जारी है. वो शेर सिंह राणा जो अफगानिस्तान से पृथ्वीराज चौहान के अवशेष वापस लाए थे. हम इसे एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं. मैं बायोपिक से दूर रहने की कोशिश कर रहा हूं, क्योंकि वो बहुत थकाने वाले होते हैं. लेकिन लोग भूल जाते हैं कि मैंने सावरकर से पहले एक्शन और रोमांटिक फिल्में की हैं. मैंने सभी तरह की फिल्में की हैं. मैं मनोरंजक सिनेमा के जरिए दर्शकों की पसंद तक पहुंचना पसंद करूंगा. इसके लिए एक्शन एक बहुत अच्छा ऑप्शन लगता है. रणदीप ने ही स्वातंत्र्यवीर सावरकर फिल्म को डायरेक्ट भी किया था. इसके बाद से उन्हें डायरेक्शन के भी खूब ऑफर्स आए हैं. इस पर बात करते हुए रणदीप ने कहा- मेरे पास बहुत सारे ऑफर हैं, लेकिन मैं डायरेक्शन तभी करूंगा जब मैं उसमें एक्टिंग करूंगा क्योंकि मुझे मुझसे बेहतर एक्टर नहीं मिल सकता.

## Highlights

1. **Not distancing from supporting his rights: ISKCON on Das' arrest**
2. **If PM can go to Pak to eat biryani, why can't Team India: Tejashwi**
3. **Air India pilot made video call to boyfriend to show she'd take her life: Report**
4. **Old video falsely shared as protest against EVMs in Maharashtra**
5. **Man attacks nurse for refusing marriage proposal in K'taka, she defends herself**

# Indian banks review Adani exposure in wake of US bribery allegations




**NEW DEIHI, (Agency).** Indian banks are reviewing their Adani exposure and whether they need to tighten due diligence, eight bankers said on Thursday, after the group's billionaire founder Gautam Adani was indicted by US authorities over an alleged $265 million bribery scheme.

Adani Group's listed stocks, which at one point saw as much as $34 billion wiped off their market value, meanwhile recovered ground as some partners and investors rallied behind it.

State Bank of India will not stop lending to ongoing Adani projects that are nearing completion, two sources told Reuters, but will exercise caution when disbursing loans to ensure all terms and conditions are being met.

Bank of India, Union Bank, ICICI Bank, Canara Bank, IDBI Bank and RBL Bank, which have relatively smaller exposures to the Adani Group, are undertaking similar exercises, sources said.

A regulatory source aware of the development said from a banking system perspective that no entity was over-exposed to the Adani group and there was no cause for concern.

Earlier on Thursday, Israel said it wants Adani Group to continue to invest there, adding that the US allegations were not "problematic" from its perspective.

"We wish Adani and all Indian companies continue to invest in Israel," Israel's Ambassador to India Reuven Azar told Reuters in an interview.

# Canada sues google alleging anticompetitive practices in online ads

**NEW DEIHI, (Agency).** Canada's antitrust watchdog said Thursday it is suing Google over alleged anticompetitive conduct in the tech giant's online advertising business and wants the company to sell off two of its ad tech services and pay a penalty.

The Competition Bureau said that such action is necessary because an investigation into Google found that the company "unlawfully" tied together its ad



tech tools to maintain its dominant market position. The matter is now headed for the Competition Tribunal, a quasi-judicial body that hears cases brought forward by the competition commissioner about non-compliance with the Competition Act. The bureau is asking the tribunal to order Google to sell its publisher ad server, DoubleClick for Publishers, and its ad exchange, AdX. It estimates Google holds a market share of 90% in publisher ad servers, 70% in advertiser networks, 60% in demand-side platforms and 50% in ad exchanges. This dominance, the bureau said, has discouraged competition from rivals, inhibited innovation, inflated advertising costs and reduced publisher revenues.

"Google has abused its dominant position in online advertising in Canada by engaging in conduct that locks market participants into using its own ad tech tools, excluding competitors, and distorting the competitive process," Matthew Boswell, Commissioner of Competition, said in a statement.

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
"बाबापण्डित"
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक